दैनिक भास्कर
दिनाँक 18-11-2021

## हकेंवि में आयोजित जिला स्तरीय एनएसएस शिविर का समापन

# निखिल व प्रियंका को बेस्ट स्वयंसेवक का अवॉर्ड

भास्कर न्यूज़ | महेंद्रगढ़

हकेवि, महेंद्रगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हुआ। विश्वविद्यालय में सात दिन तक चले इस आयोजन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभागी स्वयंसेवकों को जीवनपर्यंत काम आने वाला अनुभव प्राप्त हुआ होगा। कुलपति ने इस शिविर की सफलता के लिए आयोजकों की भी सराहना की। शिविर के समापन सत्र में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवक निखिल व राजकीय महाविद्यालय, उन्हानी की स्वयंसेवक प्रियंका को बेस्ट स्वयंसेवक से सम्मानित किया गया। विश्वविद्यालय के प्रो. मूलचंद सभागार में आयोजित समापन सत्र में मुख्यातिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एम.सी. शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने इस अवसर पर स्वयंसेवकों के योगदान को सराहा। उन्होंने कहा कि सेवा का यह भाव उन्हें समाज व देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है। इसलिए विद्यार्थी जीवन में एनएसएस आदि से जुड़ना उपयोगी रहता है।




जिला स्तरीय शिविर के सातवें दिन की शुरुआत योगाचार्य नीरज आर्य के योगाभ्यास के साथ हुई। इसके बाद विश्वविद्यालय में स्वयं सेवकों को मार्च पास्ट का प्रशिक्षण दिया गया व विश्वविद्यालय परिसर में स्वयंसेवकों द्वारा सफाई अभियान चलाया गया।

इस अवसर पर एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय में युवा अधिकारी मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए बेहतर नागरिक तैयार करना एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है। राज्य एनएसएस अधिकारी डॉ. भगत सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हम समाज एवं राष्ट्र के लिए सामाजिक विकास के सहभागी बनते हैं इसके साथ ही हमें समाज से जुड़ने के अवसर मिलते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर सारिका शर्मा ने कहा कि युवा देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है और एनएसएस उस युवा को सही दिशा दिखाता है। कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डॉ. दिनेश चहल ने बताया कि इस शिविर में जिले के 12 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। शिविर में प्रतिदिन अलग अलग गतिविधियों का आयोजन किया गया। उन्होंने समापन समारोह में उपस्थित अतिथियों, शिक्षकों, अधिकारियों एवं स्वयं सेवकों का आभार व्यक्त किया।

# शिविर में 200 स्वयं सेवकों ने लिया हिस्सा

संवाद सहयोगी, महेंद्रगढ़: हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय महेंद्रगढ़ में आजादी के अमृत महोत्सव के अंतर्गत आयोजित जिला स्तरीय सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) शिविर का बुधवार को समापन हुआ। विश्वविद्यालय में सात दिन तक चले इस आयोजन के समापन सत्र को संबोधित करते हुए विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. टंकेश्वर कुमार ने कहा कि अवश्य ही इस प्रशिक्षण शिविर के माध्यम से प्रतिभागी स्वयंसेवको को जीवनपर्यंत काम आने वाला अनुभव प्राप्त हुआ होगा। शिविर के समापन सत्र में राजकीय महाविद्यालय, महेंद्रगढ़ के स्वयंसेवक निखिल व राजकीय महाविद्यालय, उन्हानी की स्वयंसेवक प्रियंका को बेस्ट स्वयंसेवक से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विश्वविद्यालय की एनएसएस इकाई के संयोजक डा. दिनेश चहल ने बताया कि जिले के 12 महाविद्यालयों व विश्वविद्यालयों के लगभग 200 स्वयंसेवक ने हिस्सा लिया। विश्वविद्यालय के प्रो. मूलचंद सभागार में आयोजित समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में इंदिरा गांधी मुक्त विश्वविद्यालय के पूर्व प्रोफेसर एमसी शर्मा उपस्थित रहे और उन्होंने इस अवसर पर स्वयंसेवको के योगदान को सराहा। सेवा का यह भाव उन्हें समाज व देश के विकास में योगदान के लिए प्रेरित करता है। शिविर की शुरुआत योगाचार्य नीरज आर्य के योगाभ्यास के साथ हुई।

### बेहतर लोग तैयार करना एनएसएस का उद्देश्य

एनएसएस के क्षेत्रीय निदेशालय में युवा अधिकारी मनोज कुमार ने स्वयंसेवकों को संबोधित करते हुए कहा कि राष्ट्र के लिए बेहतर नागरिक तैयार करना एनएसएस का प्रमुख उद्देश्य है। राज्य एनएसएस अधिकारी डा. भगत सिंह ने कहा कि एनएसएस के माध्यम से हम समाज एवं राष्ट्र के लिए सामाजिक विकास के सहभागी बनते हैं इसके साथ ही हमें समाज से जुड़ने के अवसर मिलते हैं। हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय की कुलसचिव प्रोफेसर सारिका ने कहा कि युवा देश के निर्माण में अहम भूमिका निभाता है और एनएसएस उस युवा को सही दिशा दिखाता है।

दैनिक जागरण
दिनाँक 18-11-2021